Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 03 / 02 / 2023

प्रकाशनार्थ

## सम (इवन) सेमेस्टर की कक्षाओं का संचालन 8 फरवरी से सुनिश्चित होः कुलपति

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों में सभी प्रोग्राम ( बीए, बीएससी, एमए, एमएससी, पीएचडी आदि) की इवन (सम) सेमेस्टर (2,4,6, तथा 8वे सेमेस्टर) की कक्षाओं का संचालन 8 फरवरी से सुनिश्चित किया जायेगा। कुलपति कुलपति प्रोफेसर राजेश सिंह ने यह निर्णय विश्विद्यालय के अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक में लिया। गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी प्रोग्राम में सम सेमेस्टर के लिए रजिस्ट्रेशन की तिथि 6 से 9 फरवरी सुनिश्चित की गई है। इसके बाद 10 से 11 फरवरी तक विलंब शुल्क के साथ रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। ओड (विषम) सेमेस्टर (1,3,5, तथा 7 वा) की परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराया गया है। इसके साथ ही कुलपति ने निर्णय लिया है कि 25 फरवरी तक सभी मूल्यांकन पूर्ण कर परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। घोषित समय सारणी के अनुसार इवन (सम) सेमेस्टर की मिड–टर्म परीक्षाओ का संचालन 10 अप्रैल से शुरू होगा। इसके साथ ही सभी प्रायोगिक परीक्षाओं को 15 मई से 23 मई के बीच सुनिश्चित करवाना होगा। निर्णय लिया गया है कि सभी पाठ्यक्रमों की एन्ड टर्म परीक्षायें 7 जून से प्रारंभ होंगी।

Mahendra Kumar Singh
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur